
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# धारचूला के स्यांकुरी में हुआ भारी बारिश का कहर

**आपदा का दंश**

## भारी भूस्खलन के चलते गांव के लोगों में डर का माहौल बरकरार

क्षेत्र में जनहानि की सूचना नही मिली

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला के स्यांकुरी गांव में भीषण बारिश के कहर के चलते भारी भूस्खलन होने के समाचार मिले है। जानकारी के मुताबिक स्यांकुरी गांव के मांचपोली नामक जगह पर भारी बारिश के चलते जगह–जगह भूस्खलन होने की जानकारी मिली है। वही अभी तक क्षेत्र में कोई जनहानि की सूचना नही मिली है।

बता दें कि भारी भूस्खलन के चलते गांव के लोगों में डर का माहौल बरकरार है। गांव में नेटवर्क की कमी के चलते सूचना आदान प्रदान करने में लोगों को दिक्कतें हो रही है। दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार तीन दिन से भारी बारिश का कहर जारी है। सीमांत में कई राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने के समाचार मिले है। धारचूला में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।



सीमांत में काली नदी 890,00 एम चेतावनी लेबल के उपर बहाव में है। जौलजीबी व गोरी नदी का जलस्तर 60700 एम के पास बह रही है। धारचूला और मुंसयारी के ग्रमीण क्षेत्रों में लकड़ी के अस्थायी पुलों के बह जाने के कारण जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे है। देर सांय स्यांकुरी गांव में हुए भारी भूस्खलन के चलते गांव के स्थानीय निवासी 70 साल के वृद्व राम सिह की तबियत ज्यादा खराब होने की वजह से गांव के कुछ ग्रमीणों द्वारा नदी के तेज बहाव के बीच लकड़ी के डंडों के सहारे नदी पार कराते जान जोखिम में डालकर लाये।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई सड़कें खराब हो चुकी है। धारचूला के छांकन लामारी और छियालेख में भारी बारिश से सड़कें जगह–जगह बंद हो चुकी है। सीमांत तहसील में हुए भारी बारिश के चलते भूस्खलन के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जैसे ही इसकी सूचना हजला प्रशासन को व क्षेत्र के विधायक को मिली तो वे लोग मौके पर दल बल को लेकर क्षेत्र में राहत बचाव के कार्य के लिए पहुंच गये।

स्याकुरी गांव में जगह जगह हुए भूस्खलन के चलते स्थानीय प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक को काफी मशक्कत के बाद इलाके में पहुंचे। प्रशासन व विधायक ने मिलकर क्षेत्र के प्रभावित इलाकों का मुआयना करने के साथ इलाके का जायजा लिया। राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। एसडीआरफ व संयुक्त आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर क्षेत्र में पहुंचकर राहत बचाव कार्य में लग गई। क्षेत्र में पिछले तीन रोज से भीषण बारिश का कहर जारी है। वही स्यांकुरी गांव के लोगों में भूस्खलन के डर के भय का माहौल बना हुआ है।

## न्यूज डायरी

### साक्षी के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी उपमा रूड़की इकाई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा रुड़की समाज सेवा में एक कदम आगे बढ़ते हुए जात पात से ऊपर उठकर मानव की सेवा करते हुए 11 वर्ष की बच्ची साक्षी की दोनों किडनी पर इंफेक्शन का इलाज न कर पाने में परिजन असमर्थ रहे। इस अवसर पर महासभा के गढ़वाल प्रभारी जी एस आनंद ने बताया कि नगर अध्यक्ष हनीश अरोड़ा और उनकी पूरी टीम ने उस बच्ची के इलाज के लिए एम्स हॉस्पिटल में डॉ. राजेश पसरिजा सीनियर डॉक्टर कैंसर स्पेशलिस्ट के पास इलाज के लिए भेजा और उसके इलाज से संबंधित खर्च होगा वह उपमा रूड़की के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर हनीश अरोड़ा और उनकी पूरी टीम बच्ची के परिवार को मिलने उनके निवास स्थान पर गई और उपमा रूड़की के सभी सम्मानित पदाधिकारियों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया गया।

### विधानसभा में शीघ्र की जाये स्थाई सचिव की तैनाती

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष विजय कुमार बोडाई ने कहा है कि उत्तराखंड विधानसभा में विधानसभा सचिव की स्थाई नियुक्ति किये जाने की आवश्यकता है और निचले स्तर के एक शोध अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मांग के समाधान को राज्यपाल को भी पत्र प्रेषित किया गया है। उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से रुबरू होते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विधान सभा में विधान सभा सचिव का पद 30 जून 2018 से रिक्त चला आ रहा है जिस पर अभी तक नियुक्ति नहीं की गई है तथा इसी माह शोध अधिकारी को विधान सभा सचिव का पदभार सौंपा गया है जो कि विधान सभा सचिवालय नियामावली का घोर उल्लंघन है।

### एप नवी लेंडिंग को उत्तराखंड में ग्राहकों का मिल रहा है भरपूर साथ

**संवाददाता** देहरादून। जून में शुरू किया गया नवी ऋण ऐप को उत्तराखंड के शहरों और कस्बों में ग्राहकों के साथ देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल जैसे शहरों में ऐप के माध्यम से तत्काल पेपरलेस ऋण प्राप्त करने के लिए भारी प्रतिक्रिया मिली है। मध्यम–आय वाले भारतीयों के लिए, जो स्मार्टफोन और तकनीक के साथ सहज हैं, नवी ऐप ग्राहकों के लिए पूरी तरह से डिजिटल और संपर्क रहित प्रक्रिया के माध्यम से 36 महीने तक के 5 लाख रुपये तक के त्वरित ऋण प्रदान करता है। गुगल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, ग्राहक अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं, ऋण और ईएमआई राशि का चयन कर सकते हैं और मिनटों के भीतर अपने बैंक खाते में ऋण राशि प्राप्त करने के लिए अपना पैन और आधार नंबर दर्ज कर सकते हैं।

# आपदा की मार झेल रहे उच्च हिमायल के लोग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ बारिश के कारण मची तबाही से 38 सड़के बंद हैं। 40 घंटे से बंद थल–मुनस्यारी में चेताबगड़ पुल के पास लोनिवि ने पैदल चलने भर के लिए मार्ग खोला है। हल्द्वानी से मुनस्यारी ले जाए जा रहे शव को 40 घण्टे बाद स्थानीय युवाओं ने दूसरी तरफ पहुचायां है। बंगापानी तहसील के आपदा प्रभावित लुमती, मौरी तक पहुंचने के लिए बीआरओ द्वारा दुगडी गाड़ में लठ्ठे डाल कर अस्थाई व्यवस्था की है।

आपदा प्रभावित तल्ला लुमती बौर तल्ला मौरी में स्थिति बेहद खराब है। आपदा प्रभावित कुछ लोग बीमार पड़े हैं। चार दिनों से इन गांवों से संपर्क भंग है। आपदा के दौरान जाराजिबली गांव में मलबे में दबी महिला का पता नहीं चल सका है। धामीगांव और टांगा गांवों में भी

**चीन सीमा से आठ दिनों से संपर्क भंग**

मलबे में दबी महिलाओं का पता नहीं लगा है। धारचूला में पेयजल योजनाएं बहने से तीन दिन से जलापूर्ति ठप है।

दस हजार की आबादी तीन किमी दूर जलस्रोत से वाहनों से पानी लाकर प्यास बुझा रही है। मुनस्यारी तहसील और बंगापानी तहसील के दो तिहाई क्षेत्र, धारचूला तहसील के उच्च और उच्च मध्य हिमालय का संपर्क भंग है। बांसबगड़ क्षेत्र में आपदा पीड़ितों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

चीन सीमा का आठवें दिन भी संपर्क भंग है। प्रमुख नदियों के जल स्तर में गिरावट आने से नदी किनारे की बस्तियों में राहत मिली है।



## जनसुनवाई कार्यक्रम डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में आज कुल 21 शिकायतेंध्समस्याएं लोगों द्वारा जिला अधिकारी के संज्ञान में लाई गई, जिनमें मुख्य रुप से जमीन में अवैध कब्जे, आर्थिक सहायता, शस्त्र लाइसेंस, अतिक्रमण, वाहनों के संबंध में, अनियमितता की जांच, मानदेय भुगतान, खोखले पेड़ों के कटान, गिरासू भवन एवं मलवा हटाए जाने को लेकर आम लोगों द्वारा उठाई गई।

# मुनस्यारी के सरकारी स्कूल के हाई स्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक

**संवाददाता**

मुनस्यारी। जिला पंचायत क्षेत्र सरमोली वार्ड के सरकारी स्कूलों का बोर्ड परीक्षा के परिणाम वेहद उत्साहजनक रहे है। सीमित संसाधन व परिवार की विषम परिस्थितियों के बाद भी इन बच्चो ने अपनी मेहनत व गुरुजनो के दिशा निर्देश के चलते उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। हम सभी इन होनहारो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समस्त शिक्षकजनो का दिल से आभार जताते है।

शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्रिलोक सिंह पांगती राजकीय इंटर कॉलेज मुनस्यारी में इंटर बोर्ड परीक्षा में विज्ञान वर्ग में

**समस्त शिक्षकजनो का दिल से आभार जताया**

ममता आर्य,कमला टाकुली ने 73 प्रतिशत, कविराज कुमार ने 68.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस वर्ग में 13 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए है। साहित्य वर्ग में लता बिष्ट ने 77 प्रतिशत अंक तथा इसी वर्ग में 13 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए है। इंटर का परिणाम 99 प्रतिशत रहा है।

हाईस्कूल में पंकज सिंह गनघरियां ने 85 प्रतिशत अंक तथा 18 छात्रो ने प्रथम श्रेणी से पास किया है। हाई स्कूल का परिणाम 75 प्रतिशत रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गुमान सिंह रलमाल राजकीय हाईस्कूल बुई में अध्यनरत् छात्र सूरज राम ने द्वितीय श्रेणी से हाई स्कूल की परीक्षा पास किया। राजकीय हाईस्कूल रांथी में हाईस्कूल की परीक्षा में 8 में से पांच छात्र पास हुए.दो द्वितीय श्रेणी में पास हुए एक छात्र त्रिभुवन कोरंगा तीन अंक से प्रथम श्रेणी में स्थान पाने से रह गया।

मुनस्यारी तहसील का एकमात्र राजकीय बालिका इंटर कालेज नमजला में हाई स्कूल में 16 में से 15 छात्राओ ने परीक्षा दी, जिसमें दीक्षा त्रिपाठी व जया रिलकोटिया ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया। इसके अलावा पांच प्रथम व 6 द्वितीय श्रैणी में पास हुए। इंटर बोर्ड में 15 में से 14 छात्राओ ने भाग लिया. जिसमें दीक्षा खत्री व हेमलता त्रिपाठी ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आठ प्रथम, चार द्वितीय, दो तृतीय स्थान पर रहे।

## धर्मपुर विधानसभा से की जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस सेवादल देहरादून की सभी विधानसभाओं में जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है और आज कांग्रेस सेवा दल ने धर्मपुर विधानसभा से विधिवत रूप से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई है और जनसंपर्क अभियान को उत्तराखंड प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जो जूमलो की सरकार से त्रस्त हो चुकी है डीजल के दाम पेट्रोल के दाम से ऊपर हो गए हैं प्रदेश में बेरोजगारी वह क्षेत्र में विकास कार्य पूर्णता ठप्प हो चुके हैं। विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस सेवा दल ने जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है, धर्मपुर विधानसभा में पंपलेट वह क्षेत्रों में छोटी–छोटी बैठकों को आयोजित करके कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। पेट्रोल, डीजल 81 पार जनता की महंगाई पर मार शर्म करो भाजपा सरकार, इस नारे को लेकर अभियान की शुरुआत की गई और इसके तहत हर एक विधानसभा में लगभग 50 हजार पंपलेट बांटकर अभियान को चलाया जाएगा।